तापमान

अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024



13 निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर पिलाया शरबत





14 रामीणों ने खुद उठाया टैंकों की सफाई का बीड़ा




## शहर में आज

- पुलिस ने नशे के खिलाफ लोगों को करेगी जागरूक
- 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अंतिम रिहर्सल का आयोजन प्रातः 7 से 8 बजे तक राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर में किया जाएगा
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- डीसी और एसपी लघुसचिवालय में समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं

## खबर संक्षेप

### डाक विभाग की पेंशन अदालत 26 को अंबाला में

**रोहतक।** राज्य के डाक विभाग के पेंशनरों और उपभाक्ताओं की शिकायतों के लिए हरियाणा सर्किल अंबाला कार्यालय में अदालत लगाई जाएगी। विभाग के सहायक निदेशक प्रवीण अरोड़ा ने बताया कि बताया कि 26 जून को सुबह 11.30 बजे अंबाला में अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अदालत विभाग के कर्मचारियों के पेंशन के मामलों से संबंधित जन शिकायतों पर विचार करेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य में डाक विभाग की पेंशन सेवाओं से संबंधित अपनी शिकायतें हरियाणा परिमंडल अंबाला डाक या ईमेल के माध्यम से भेज सकते है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-2 थाना प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि करौंथा बस स्टैंड के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रिंकू निवासी डीघल जिला झज्जर के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। जांच सामने आया कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, अवैध हथियार आदि धाराओं के तहत चार मामले जिले झज्जर में दर्ज है।

## 40 नालों की होगी सफाई डीसी ने 30 तक दिए काम पूरा करने के निर्देश

# शहर के नालों की सफाई का टेंडर खुला, आज से शुरू होगा काम

## मानसून को लेकर तैयारी : 49 लाख रुपये खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जुलाई में मानसून आगमन को देखते हुए नालों की सफाई का कार्य बुधवार से शुरू हो जाएगा। मंगलवार को नगर निगम ने टेंडर ओपन कर दिया। सफाई कार्य पर करीब 49 लाख रुपये खर्च आएगा। इसके अलावा नगर निगम की चार टीमें नालों की सफाई करने के लिए अभियान चला रही हैं। ठेकेदार के कर्मचारी टीम से अलग सफाई कार्य करेंगे। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग को भी सीवरों की सफाई करवानी होगी। सफाई का कार्य सभी विभागों को 30 जून से पहले पूरा करना होगा।

■ चार टीमें पहले से कर रही सफाई, ठेकेदार की टीम अलग से करेगी कार्य

### जलभराव से निपटने की तैयारी

प्रशासन का मकसद रोहतक में बरसात आने के बाद के पानी में जलभराव को रोकना है। डीसी अजय कुमार खुद सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

निगम द्वारा हर साल नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया जाता था। इस बार जून का माह आधे से ज्यादा बीतने के बाद काम शुरू किया जाएगा। जबकि विगत वर्ष जोरशोर से अभियान चलाकर हिसार रोड, किला रोड, गोहाना रोड, जींद रोड के नालों की सफाई करवाई गई थी। अभियान के दौरान करीब 40 नालों की सफाई होगी। सबसे पहले बड़े नालों की सफाई करवाई जाएगी।




### समाधान शिविर में शिकायत

सोमवार को उपायुक्त अजय कुमार और एसपी हिमांशु गर्ग ने समाधान शिविर लगाया। जहां पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पार्षदों और व्यापारियों द्वारा नालों की सफाई का मामला उठाया गया। साथ ही कहा गया कि इस बार बरसात के पानी की निकासी नहीं हो पाएगी और दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके बाद डीसी के आदेश पर निगम हरकत में आया और टेंडर लगवाए गए। अब काम शुरू किया जाएगा। निगम के वरिष्ठ अधिकारी सफाई अभियान की लगातार निगरानी करेंगे।

### निगम की टीमें अलग से कर रही सफाई

नगर निगम क्षेत्र में करीब 40 नाले हैं। जिनकी सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है। टेंडर ओपन हो गया है। बुधवार से सफाई कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा निगम की चार टीमें नालों की सफाई के लिए कार्य कर रही हैं। जून माह में काम पूरा कर लिया जाएगा।
-विजय मलिक, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

### मशीनों व पंप की मरम्मत करवाएं : डीसी

उपायुक्त ने सफाई कार्य के साथ साथ मशीनों और पंपों की मरम्मत करवाने के भी आदेश दिए। कई बार देखा जाता है कि बरसात की वजह से जलभराव हो गया है और मशीनें या पंप खराब पड़े हुए हैं। डीसी का कहना है कि ऐसे हालात नहीं बनने चाहिए।

### सीवरेज के मेनहॉल ठीक करवाने के निर्देश

उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग द्वारा शहर में सीवर की सफाई के साथ-साथ मेन हॉल भी दुरुस्त करवाए जाए। उन्होंने कहा कि विभाग स्टोरम वाटर की ड्रेन की भी साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अप्पू घर की सफाई करवाने, छोटूराम चौक पर बरसात में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए प्रबंध करने के आदेश दिए थे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से पुलिसकर्मी की मौत

## भैणीभैरों के पास हादसा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम




महम थाना क्षेत्र के गांव में हुए एक सड़क हादसे में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस कर्मी सुरेश कुमार भिवानी पुलिस लाइन में तैनात था और फिलहाल छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। पुलिस को दी शिकायत में भैणी भैरों गांव निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसके पिता सुरेश कुमार हरियाणा पुलिस में कार्यरत थे। गत दिवस वह और उसके पिता सुरेश कुमार अपने खेत में गए हुए थे। रात को 9 बजकर 30 मिनट पर वह और उसका पिता दोनों अलग अलग मोटर साइकिल पर सवार होकर खेत से घर की ओर जा रहे थे। उसके पिता उससे आगे थे और वह पीछे था। जब वे दोनों जताई रोड पर कृष्ण पुत्र राजबीर के खेत के पास पहुंचे तो उनके आगे एक ट्रैक्टर ट्रॉली जा रहे थे।

■ बाइक पर खेत से घर लौट रहा था रास्ते में एक्सीडेंट

### ऐसे हुआ हादसा

जब उसके पिता सुरेश कुमार ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवर टेक करने लगे तो ट्रैक्टर चालक ने एकदम से कट मार दिया। उसका पिता का मोटर साइकिल ट्रैक्टर चालक द्वारा साइड दबा देने के कारण ट्रैक्टर से जा टकाराया।

### हादसे के बाद मौके से फरार हो गया ट्रैक्टर चालक

जिस वजह से उसके पिता के बाइक का संतुलन बिगड़ गया और उसके पिता सड़क पर जा गिरे। ट्रैक्टर का पिछला टायर उसके पिता के सिर के ऊपर से गुजर गया।

जिस वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शेयर मार्केट में पैसे कमाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सेक्टर-37 में एक युवक के साथ शेयर मार्केट में पैसे कमाने का झांसा देकर 2 लाख 89 हजार रुपये ठग लिए। पुरानी सब्जी मंडी पुलिस को दी शिकायत में गोविन्द ने बताया कि वह सेक्टर-37 का रहने वाला हूं। मैं अपने मोबाइल पर टेलिग्राम चलाता हूं। जहां से मुझे एक वाटसएप नंबर मिला। जिससे मेरी बातें होती थी और उसने मुझे एक नंबर दिया और बोला कि यह आपको शेयरों में अच्छा मुनाफा करवाएंगे। क्योंकि इसके पास एक अच्छा सोफ्टवेयर है। उसकी बात पर मैंने विश्वास करके 14 मई से 22 मई तक दो लाख 98 हजार रुपये के अलग-अलग कंपनियों के शेयर खरीदे। जिसमें उन्होंने मुझे शुरू में बहुत अच्छा प्रोफिट दिखाया। इसके बाद मैंने अपने पैसे बैंक में डलवाने के लिए बोला उसके कुछ दिन बाद बोला आपका प्रोफिट खत्म हो गया है। अब आप लोस में हो। इसके बाद मुझे ठगी का शक हुआ। 24 मई को मैंने 1930 पर फोन करके शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद मैं किसी काम से बाहर चला गया था। इसलिए मैंने 18 जून को पुलिस को लिखित शिकायत दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूजीसी नेट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न





**रोहतक।** मंगलवार को शहर के सेंटरों में यूजीसी नेट की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। परीक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद भी अंदर जाने दिया गया।

## युवकों पर फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार, केस

**रोहतक।** पुलिस ने पाकस्मा निवासी युवक व उसके साथियों पर फायरिंग की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पाकस्मा निवासी विक्की ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि विक्की ठेकेदारी का काम करता है। 13 जनवरी को विक्की के दोस्त विक्की निवासी खेड़ी साध के पास सोमबीर, सुनील व सुमित सैंगो का फोन आया। उन्होंने कहा कि सुमित और सुनील ठेकेदार मिलना चाहते है। विक्की अपने दोस्त विक्की, आशीष के साथ उनसे मिलने अस्थल बोहर मस्तनाथ के पास आए। सुनील व सुमित वहां पर नहीं मिले। आशीष ने सुमित सैंगो के पास फोन कर पूछने लगा तो सुमित उर्फ सैंगो ने गाडी का नंबर पूछा। गाड़ी का नंबर बताते ही सुमिक सैंगो व उसके दोस्तों ने गाड़ी पर फॉयरिंग करनी शुरु कर दी। विक्की व उसके दोस्त ने फायरिंग होते ही अपनी गाड़ी को भगा लिया। जांच के दौरान 17 जून को आरोपी कमलजीत उर्फ कमला निवासी डीघल को गिरफ्तार किया गया है।

## केदारनाथ के दर्शन के नाम पर युवक के साथ धोखाधड़ी

**रोहतक।** नेहरू कॉलोनी एक युवक से 46 हजार 700 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक से केदानाथ के पैकेज के नाम पर फेसबुक पर ठगी की है।निशांत मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नेहरु कॉलोनी का रहने वाला हूं। 17 जून को मैनें फेसबुक से केदारनाथ का पैकेज निकाला था। उसनें हमसें व्हाट्सए पर बात की और 16500 का केदारनाथ का पैकेज देने की बात की, तो हमनें हां कर दिया। इसके बाद उसनें 5000 रुपये एडवांस बुकिंग के लिए मागें और बोला कि इसके बाद वाली पेमेंट आप बाद में कर देना जैसे ही हमनें पेमेंट भेजा दिया तो उसनें 20 मिनट बाद हेलिकाप्टर की टिकट भेज दी। इसके बाद उसने 11500 बकाया पेमेंट मांग ली, ठीक 20 मिनट बाद उसका फिर फोन आया कि आपको वीआईपी दर्शन करना होगा। वहां बहुत भीड़ होगी तो हमनें कहा कि हमकों नहीं करने वीआईपी दर्शन हम नोर्मल दर्शन कर लेंगे। उसने मना कर दिया और कहने लगा कि ये कंपनी की तरफ से अनिवार्य है। उसनें कहा कि 12600 का है और ये रुपये आपको रिफंड ही जाएंगे तो हमने उसकी 6300, 6300 और 12600 की पेमेंट कर दी। उसके बाद उसने कहा बीमा की भी पेमेंट करनी होगी। इसके बाद हमे पता चला कि युवक हमारे साथ ठगी कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तुरंत निपटारा करें

**रोहतक।** जिला उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को परेशानी न हो। सरकार के निर्देशानुसार हर कार्य दिवस जिला व उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर में 157 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें आवश्यक कार्यवाही के लिए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को भेजा गया।

अजय कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, नगराधीश अंकित कुमार के साथ लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने समाधान शिविर में शिकायतें सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों का निपटारा यथाशीघ्र किया जाए। शिविर में प्राप्त 157 शिकायतों में से 56 शिकायतें परिवार पहचान पत्र, 19 शिकायतें अपराध से संबंधित व अन्य शिकायतें मिली।

### मंगलवार को 157 लोग समाधान के लिए पहुंचे




**रोहतक।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते उपायुक्त अजय कुमार।

**गर्व का पल** मुख्यमंत्री ने पीजीआई की गुर्दा प्रत्यारोपण टीम को चंडीगढ़ में किया सम्मानित

# पीजीआई में बनेगा स्टेट ट्रांसप्लांट सेंटर : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) रोहतक में जल्द ही स्टेट ट्रांसप्लांट सेंटर शुरू किया जाएगा ताकि किडनी सहित अन्य अंगों के ट्रांसप्लांट को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीजीआईएमएस को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री यहां पीजीआईएमएस की गुर्दा प्रत्यारोपण टीम के सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुर्दा प्रत्यारोपण करने वाली समस्त टीम को सम्मानित भी किया।

### मरीजों को सुविधा

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पीजीआईएमएस कुलपति डॉ.अनीता सक्सेना व निदेशक डॉ एसएस लोहचब के दिशा निर्देशन में बेहतरीन कार्य कर रहा है और यहां आने वाले मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसका परिणाम है कि आज पीजीआई रोहतक के अंदर गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो चुकी है। इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को अब बाहर लाखों रुपए खर्च नहीं करने पड़ते और उन्हें संस्थान के अंदर निशुल्क गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रदेश की जनता को अच्छे से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए इसके लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से कार्यरत है। इसी तरीके अंतर्गत हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं वहीं रेवाड़ी में भी एम्स खोला जा रहा है, जिसके शुरू होने पर प्रदेश में दो एम्स हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक जितने भी पीजीआइएमएस में गुर्दा प्रत्यारोपण हुए हैं वे सभी मरीज स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना चाहती है ताकि अच्छे डॉक्टर तैयार किए जा सकें और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

वर्तमान में प्रदेश में लगभग 18 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं तथा अन्य की स्थापना पर कार्य चल रहा है।



**रोहतक।** चिकित्सकों की टीम को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### चिकित्सक सम्मानित

मुख्यमंत्री ने डॉ. अंकुर गोयल, अरुण दुआ, गौरव पांडे, विवेक ठाकुर, न्यूरोसर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ. ईश्वर, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. आशीष, डॉ. ममता ,डॉ. सुखबीर व दीप्ति को सम्मानित किया।

### मेडिकल कॉलजों व नागरिक अस्पतालों में बनेंगे हेलीपैड

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश का नागरिक उड्डयन मंत्री होने के नाते मैंने निर्देश दे दिए हैं कि सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में हेलीपैड भी बनाया जाए ताकि जरूरत पड़ने पर रिसर्च आदि से सम्बंधित कार्यों और ट्रांसप्लांट के मामले में ऑर्गन्स और मरीजो को एयरलिफ्ट किया जा सके। साथ ही, उन्होंने पीजीआईएमएस प्रशासन से अनुरोध किया कि जहां भी नए हॉस्टल बने वहां एयरकंडीशन का भी प्रावधान करें। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि मैं भी इसी संस्थान का छात्र रहा हूं। उन्होंने इसी इंस्टीट्यूट में 1971 में एमबीबीएस में एडमिशन लिया था और 1980 में इसी संस्थान से एमएस की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स इस इंस्टीट्यूट में ऐसा बदलाव लाएं कि मेडिकल के विद्यार्थी पीएमटी टेस्ट में पहली च्वाइस दिल्ली की बजाय पीजीआईएमएस, रोहतक भरें।






एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

# विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्क्शन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्क्शन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।

### हल सुलझाने पर दें जोर

लगातार काफी देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



# बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।




## मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

## मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

# ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे-गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

# इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।



**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।

**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

# योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं : आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'

## खबर संक्षेप

### प्रो. शौकत के खिलाफ केस चलाने की निंदा की

**रोहतक।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने दिल्ली एलजी द्वारा लेखक-कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और प्रोफेसर शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रतिशोधात्मक मंजूरी देने की कड़ी निंदा की है। साथ ही मांग की है कि यह फैसला तुरंत वापिस लिया जाए। जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता व महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि 14 साल पुराने भाषण पर अब इस तरह की कार्रवाई प्रतिशोधात्मक और दमनकारी कदम है, जिसका स्पष्ट इरादा असहमति की आवाज को दबाना है। फैसला तुरंत वापिस लिए जाने की मांग की है।

### प्लॉट विवाद में परिवार को पीटा, तीन घायल

**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोली में एक परिवार पर हमला कर दिया गया। हमले में महिला समेत तीन लोगों को चोट आई है। लाइनपार थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला प्लॉट विवाद से जुड़ा हुआ है। बामड़ोली के निवासी जोगेंद्र का कहना है कि गत 15 जून को वह अपने घर पर था। तभी भतीजे का फोन आया कि चाचा अपने प्लॉट की नींव उखाड़ दी गई है। फिर वह अपनी भाभी और भतीजे के साथ प्लॉट पर गया। वहां दो व्यक्ति पहले से मौजूद थे। हमने विरोध किया तो उन्होंने हम पर हमला कर दिया।

### शिविर में 77 चालकों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की देखरेख में झज्जर पुलिस द्वारा आईडीटीआर सेंटर बहादुरगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल बस, ऑटो आदि वाहन चलाने वाले लगभग 77 ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नागरिक अस्पताल से डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. दीपक छिकारा, डॉ. विनीता आदि ने सेवाएं दीं। कुलदीप, अक्षय कुमार आईटीआर सेंटर की टीम इस अवसर पर मौजूद रही। चिकित्सकों ने चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने कहा कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। बीड़ी-सिगरेट, शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से बचें।

### लावारिस हालत में मिला शव

**बहादुरगढ़।** बुधवार की सुबह सराय रोड स्थित एक ठेके के निकट व्यक्ति का शव मिला। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। किसी बीमारी या गर्मी से मौत होने की आशंका है। हालांकि असल कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। पुलिस पहचान के प्रयास में जुटी है।

## जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया निर्जला एकादशी का पर्व, जगह-जगह लगाए सेवा शिविर

# निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर पिलाया शरबत

### माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को भक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद लगाई छबील लोगों ने बुझाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री और साध्वी मानेश्वरी देवी के सानिध्य में निर्जला एकादशी पर ठंडे पानी व शरबत की छबील लगाई गई। छबील में धर्म प्रेमी लोगों का तांता लगा रहा। भक्तों ने भी मंदिर में पानी का मटका, पंखा, मिठाई, फल व दक्षिणा दी व ठंडा जल अन्य वस्तुएं चढ़ाई। भक्तों ने निर्जल रहकर एकादशी का व्रत रखा और परिवार की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।

**निर्जला एकादशी पर व्रत रखने से बैकुंठ की प्राप्ति संभव : साध्वी मानेश्वरी देवी**

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने सत्संग करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में वैसे तो सभी एकादशी तिथियों को बहुत खास और महत्वपूर्ण माना गया है। किंतु बताते हैं कि धर्म शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति निर्जला एकादशी व्रत रखता है, उसे बैकुंठ में स्थान मिलता है। उन्होंने निर्जला एकादशी की कथा भी सुनाई। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में आने वाली निर्जला एकादशी का महत्व सबसे अधिक माना गया है क्योंकि यह व्रत भीषण गर्मी में पड़ता है और ऐसे में यदि पानी का दान किया जाए तो सबसे बड़ा पुण्य होता है। इस दिन व्रत रखने वाला जातक स्वयं पानी नहीं पीता, लेकिन राहगीरों को पानी अवश्य पिलाता है। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का इंतजाम करना सबसे बड़ा पुण्य होता है। इस दिन भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की पूजा होती है। घर परिवार की सुख समृद्धि व आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति के यह इस व्रत रखने का प्रावधान है। इसे देवव्रत भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति के सभी पाप मिट जाते हैं और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाती साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन। फोटोः हरिभूमि

### गौकर्ण तीर्थ में निर्जला एकादशी पर मनाया आम महोत्सव

**रोहतक।** गौकर्ण तीर्थ में निर्जला एकादशी पर आम महोत्सव मनाया गया। जिसमें श्री राधा नाम संकीर्तन मंडल द्वारा श्री राधा नाम का गुणगान किया गया। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, महंत कमलपुरी, बाबा गुलाबपुरी, सीताराम सचदेवा पिंकी, मोहित, गिन्नी लूथरा, आशु, रोहित, मोर बिहारी, तरुण, गुलशन, गौरव मौजूद रहे।



**रोहतक।** निर्जला एकादशी पर आम महोत्सव के दौरान स्टैज पर मौजूद महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज व महंत कमलपुरी महाराज।



**महम।** भैणीसुरजन गांव में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाते युवा किसान संगठन के सदस्य। फोटोः हरिभूमि

### युवा किसान संगठन ने लगाई मीठे पानी की छबील

**महम।** महम चौबीसी के भैणी सुरजन गांव में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मीठे पानी की छबील लगाई गई। कार्यक्रम का आयोजन युवा किसान संगठन भैणी सुरजन की तरफ से किया गया। महम से सैमाण पुट्ठी मार्ग पर आगन्तुक लोगों को शरबत पिला कर लोगों की प्यास बुझाई। इस दौरान संगठन के सदस्य प्रधान दिनेश सिवाच, अशोक सिवाच, सुंदर सिवाच, भोपा, नीटू, मंदीप, दीपक, राकेश, बिटू, विकास, शमत, दल्लू मिस्त्री, अमित के साथ अन्य युवाओं ने सहयोग किया।



**रोहतक।** एकादशी पर कच्ची लस्सी व आलू बाटते हुए चिल्ड्रन क्लब के सदस्य।

### चिल्ड्रन क्लब ने एकादशी पर कच्ची लस्सी व आलू बांटे

**रोहतक।** चिल्ड्रन क्लब द्वारा एकादशी पर कच्ची लस्सी व आलू बाटे गए। चिल्ड्रन क्लब के प्रधान व मीडिया प्रभारी पुनीत खट्टर ने बताया कि बच्चों ने इस प्रोग्राम का खूब आनंद लिया। इस मौके पर अदित, हितेश, ईशान, हितेन, वंश, पार्थ, दक्षु, जस, ऋषि, धनंजय, केशव, सुजीत, हर्षित, कुश, निधिन, भव्या, काव्या, किशन मौजूद रहे।



रोहतक। लोगों को पानी पिलाते हुए समाजसेवी

### वार्ड 15 में मीठे पानी की छबील लगाई

**रोहतक।** वार्ड नंबर 15 की आर्य नगर मार्केट में ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें समाज सेवी भूषण वधवा,विजय अरोड़ा, जसबीर कुमार , प्रवेश सहगल, सतपाल बजाज, दिशांत वधवा, दीपक कश्यप, चिराग आदि मौजूद ने सहयोग किया।

## मलिकपुर गांव में बिना मंजूरी के चल रही थी फैक्ट्री, सीएम फ्लाइंग टीम ने मारा छापा

- 80 किलोवाट के कनेक्शन पर चलाया जा रहा था 159 किलोवाट का लोड
- प्रदूषण विभाग अधिकारी ने थमाया एनओसी न लेने के संबंध में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

बेरी क्षेत्र के गांव मलिकपुर में एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा छापामार कार्रवाई अमल में लाई गई। इस औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित फैक्ट्री में जहां कनेक्शन से अधिक लोड पाया गया वहीं अन्य अनियमितताएं भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक के उप निरीक्षक रामनिवास, उप निरीक्षक सहदेव, प्रदूषण विभाग के एसडीओ अमित कुमार व बिजली निगम से मातनहेल कार्यालय केजेई आशीष कुमार व गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जब संबंधित फैक्ट्री में पहुंचे और वहां मौजूद व्यक्ति से फैक्ट्री की मंजूरी के संबंध में दस्तावेजों की जानकारी ली तो वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके बाद मौके पर मौजूद पुरुषोत्तम के साथ फैक्ट्री में लगी मोटरों के लोड की जांच की तो वहां 159.7 किलोवाट का लोड पाया गया जबकि कनेक्शन में 80 किलोवाट की मंजूरी ली गई थी।



झज्जर। हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में छापेमार कार्रवाई के दौरान उपस्थित सीएम फ्लाईंग की टीम।

## आप की महिला जिला अध्यक्ष कविता शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस में शामिल

- सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी का गर्मजोशी से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की मौजूदगी में रोहतक आम आदमी पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष कविता शर्मा ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थामा और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीपेंद्र हुड्डा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी को पार्टी में उचित मान-सम्मान देने का भरोसा देते हुए कहा कि कांग्रेस का परिवार तेजी से मजबूत हो रहा है।

कविता शर्मा ने कहा कि हरियाणा में अब भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में जिला महिला उपाध्यक्ष अनीता देवी, जिला महिला उपाध्यक्ष सीमा रानी, जिला महिला उपाध्यक्ष सुनीता पांचाल, जिला संयुक्त सचिव सुनीता जांगड़ा, ब्लॉक प्रधान रीना देवी, ब्लॉक प्रधान सुनीति जांगड़ा, ब्लॉक प्रधान मीरा देवी, वार्ड अध्यक्ष सुनहरी देवी, किसान विंग से जिला उपाध्यक्ष अजमेर सिंह सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।



**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का स्वागत करते हुए कविता शर्मा व अन्य महिलाए।

## मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी बलदेव ने बताया कि राकेश निवासी गांव सुडाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रमन निवासी दूबलधन जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी की हुई दो मोटरसाईकिल बरामद की गई है, जबकि पांच अन्य वारदातों का खुलासा किया है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाई करते हुए आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**झज्जर।** पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## शेयर मार्किट में गंवाए ग्यारह लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

शेयर मार्किट में पैसा लगाकर ऑनलाइन मुनाफा कमाने के झांसे में आकर सेवानिवृत्त सैनिक द्वारा करीब ग्यारह लाख रुपये गंवाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में स्थानीय जयहिंद कालोनी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि कि वह आर्मी से रिटायर्ड है। उसके मोबाइल पर बीते वर्ष सात दिसंबर को एक अंजान से नंबर से लिंक आया जो शेयर मार्किट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने का ऑफर दे रहे थे। जब उसने उनसे संपर्क किया तो उसे एक दूसरे ग्रुप से जोड़ा गया तथा एक एप डाउनलोड भी कराई गई। फिर उसे उस एप पर रजिस्टर्ड किया गया। राजेश कुमार के अनुसार उसने देखा कि ग्रुप से जुडे.कई लोगों द्वारा मुनाफा कमाने के स्क्रीन शॉट डाले जा रहे थे। इसके बाद उसने भी 18 दिसंबर 2023 को अपने बैंक अकाउंट से 4 लाख 75 हजार रुपये डाले। इसके बाद उसने 22 दिसंबर 2023 को एक बार 1 लाख 65 हजार रुपये तथा दूसरी बार साढे. चार लाख रुपये डाले।

### 66 पाठ्यक्रमों की लगभग 3210 सीट पर होंगे प्रवेश

# दाखिले के लिए 25 तक ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरूग्राम में सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर (पीजी), एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय तथा बीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एमडीयू के निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी ने बताया की पीजी, एलएलबी तथा बीपीएड के 66 पाठ्यक्रमों की लगभग 3210 सीट पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 25 जून तक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। इस बार तीन नए पीजी पाठ्यक्रम-एमए हिन्दू स्टडीज, एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग प्रारंभ किए हैं। एमए हिन्दू स्टडीज में 30, एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी में 60 तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग में 30 उपलब्ध हैं।

### एमडीयू के यूटीडी में संचालित पाठ्यक्रम

एमए-एजुकेशन में 30 सीट, एमएड में 50 , एमपीएड में 40 , बीपीएड में 100 , एमए अंग्रेजी में 60 , एमए हिन्दी में 60 , एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार में 40 , एमए संस्कृत में 75 , एमए संगीत वोकल में 15 , एमए म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार में 15 , एमए फाइन आर्ट्स ड्राइंग एंड पेंटिंग में 15 , एमए योगा साइंस में 50 , एमए डिफेंस एंड स्ट्रेटिजिक स्टडीज में 50 , एमए इकोनोमिक्स में 60, एमए ज्योग्राफी में 50 , एमए हिस्ट्री में 70 , एम.लिब एंड इंफोर्मेशन साइंस में 45 , एमए. पॉलिटिकल साइंस में 60 , एमए साइकोलोजी में 40 , एमए लोक प्रशासन में 50 , एमए सोशियोलोजी में 50 , एमएससी फोरेंसिक साइंस में 25 , एलएलबीए आनर्स तीन वर्षीय में 120 , एलएलएम में 30 , एलएलएम एसएफएस में 60 उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार एमटेक बॉयोटेक्नोलॉजी में 18 , एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) में 24, एमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 18 , एमटेक मैन्युफैक्चरिंग एंड ऑटोमेशन में 24 , एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक स्ट्रैक्चरल इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक पावर सिस्टम्स में 24 सीट उपलब्ध हैं। एमडीयू-सीपीएएस, गुरूग्राम में एमबीए में 180 , एमबीए एग्जीक्यूटिव इवनिंग में 30 , एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय में 120 , एलएलएम शिफ्ट एक में 45 तथा एलएलएम शिफ्ट दो में 45 सीटें उपलब्ध हैं।



**रोहतक।** ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया में विद्यार्थियों के फॉर्म वेरीफाई करते हुए डॉ. दीपक लठवाल और डॉ. जयपाल।

### इन सीटों के लिए होंगे आवेदन

एमएससी-बायोइंफोर्मेटिक्स में 20, बायोटैक्नोलोजी में 20, एग्रीकल्चर बायोटैक्नोलोजी में 20 , मेडिकल बॉयोटैक्नोलोजी में 30 , बायोकैमिस्ट्री में 40 , बॉटनी में 40 , एनवायरमेंटल साइंसेज में 35 , इनवायरमेंटल बायोटेक्नोलॉजी में 20 , फूड टैक्नोलोजी में 20, जेनेटिक्स में 30 , माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी में 20 , माइक्रोबायोलोजी में 25 , जूलोजी में 40 , मास्टर ऑफ होटल मैनजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलोजी में 30 , मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट में 40 , एमबीए में 180 , एमकॉम में 60 , एम.फार्मेसी- इंडस्ट्रीयल फार्मेसी में 10, फार्मास्यूटिकल कैमिस्ट्री में 15 , फार्माकोगनोसी में 10 , ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स में 10 , एमएससी कैमिस्ट्री में 90, एमसीए में 60, एमएससी-कंप्यूटर साइंस में 40, एमएससी कंप्यूटर साइंस-डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग में 40 , एमटेक कंप्यूटर साइंस में 30 , एमएससी गणित में 60 , एमएससी गणित एफएफएस में 120 , एमएससी फिजिक्स में 60 , एमएससी स्टैटिसटिक्स में 50 सीटे उपलब्ध हैं।

## राजकीय महाविद्यालय सांपला में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया जारी

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य डॉ. परमभूषण आर्य ने बताया की बीए प्रथम वर्ष में कुल 240 सीट है और 425 विद्यार्थियों ने कॉलेज को ऑप्शन के रूप में चुना है। वहीं बीकॉम प्रथम वर्ष में 80 सीट हैं और 56 विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय को ऑप्शन के रूप में चुना है। ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया में डॉ. दीपक लठवाल और डॉ. जयपाल सक्रिय रूप से विद्यार्थियों के फॉर्म वेरीफाई कर रहे हैं और फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून है। सभी इच्छुक विद्यार्थी समय रहते अपने फार्म भरे ताकि दाखिला लेने में आगे कोई दिक्कत ना आए।

Happy Birth Day



मयंक नाफरिया
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

